## LOK SABHA

*Wednesday, April 5, 1967/Chaitra 15, 1889 (Saka)*

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### Conversion of the Official Residence of the Late Shri Jawaharlal Nehru at New Delhi into a Museum

*259. **Shri George Fernandes:** Will the Minister of Education be pleased to state:

(a) the amount so far spent on converting the former official residence of the late Prime Minister, Shri Jawaher Lal Nehru at New Delhi into a Museum;

(b) whether Government have any proposal to abandon the idea of converting the late Prime Minister's residence into a Museum in view of the high cost involved;

(c) whether any suggestion was made from any quarter to have a similar museum in respect of another late Prime Minister, Shri Lal Bahadur Shastri; and

(d) if so, the decision taken thereon?

**The Minister of State in the Ministry of Education (Prof. Sher Singh):** (a) About Rs. 55,000 so far.

(b) and (c). There are no such proposals at present.

(d) Does not arise.

**श्री जार्ज फरनेन्डिज** : अध्यक्ष महोदय, कई दिनों से अखबारों में यह खबरें आई हैं कि हिन्दुस्तान की वर्तमान प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी फिर उसी मकान में जाना चाहती हैं, जिसको आज नेहरू स्मारक म्यूजियम बनाया गया है और जो म्यूजियम वहां पर इस वक्त रखा गया है उसको वहां से हटाने का भी कुछ विचार चल रहा है,—क्या मंत्री साहब इसका खुलासा करेंगे ?

**प्रो० शेर सिंह** : ये सब कयास-आराइयां हैं। अखबारों में कयास-आराइयां चलती ही रहती हैं।

**श्री जार्ज फरनेन्डिज** : मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि क्या मंत्री साहब इस बात की सफ़ाई करेंगे कि तीन मूर्ति के मकान में जो नेहरू स्मारक म्यूजियम करके रखा गया है उस म्यूजियम को वहां से नहीं हटाया जायगा और वहां पर भारत का कोई नया प्रधान मंत्री फिर रहने के लिये नहीं जायगा ?

**प्रो० शेर सिंह** · भविष्य के बारे में आज नही कहा जा सकता, भविष्य की बात तो भविष्य में सामने आयेगी।

**श्री सिद्धेश्वर प्रसाद** . क्या सरकार ने इस बात पर विचार किया है कि दिल्ली में नेहरू विश्वविद्यालय नाम से एक विश्वविद्यालय खोला गया है-- इस दृष्टि से यह उचित होगा कि श्री जवाहर लाल नेहरू के सम्बन्ध मे जितनी चीजें तीन मूर्ति में हैं, उनको वहां से इस विश्वविद्यालय में स्थानान्तरित कर दिया जाय, जिससे देश तथा विदेश से शोध करने आनेवालों को सुविधा हो सके ?

**प्रो० शेर सिंह** . यह युनीवर्सिटी भी दिल्ली में है और यह म्यूजियम भी दिल्ली में है, इसलिये शोध कार्य करनेवालो के लिये यदि आवश्यक होगा, तो इस सुझाव पर भी विचार किया जा सकता है। लेकिन अभी इस पर कोई विचार नहीं कियाँ गया है।

**Shri P. K. Deo:** In view of the acute shortage of accomodation in the capital, may I know how long this luxury will continue of leaving these big bungalows vacant and not arriving at a decision? We know that on the bungalow occupied by the late Lal Bahadur Shastri nearly Rs. 10 lakhs were spent on remodelling and it is still lying vacant.

**Prof. Sher Singh:** It is not lying vacant. The museum and the library are housed in the Teen Murti Marg building.

**Shri P. K. Deo:** I am asking regarding the official residence at 10 Janpath of the late lamented Lal Bahadur Shastri.

**Mr. Speaker:** But this question is about the Teen Murti Marg house.

**Shri P. K. Deo:** My question comes under part (c).

**Prof. Sher Singh:** In reply to part (c) of the main question, I have replied that there is no such proposal.

**Shri P. K. Deo:** It is a very intelligent supplementary and if the hon. Minister cannot answer such a question, we feel helpless.

**Shrimati Lakshmikantamma:** Is there any proposal to have additional constructions at the backyard of the Teen Murti Marg house so that it can be used both for the Prime Minister's residence as well as for the museum?

**Prof. Sher Singh:** There is a proposal for constructing a building for the library because the present building is not sufficient for the national library which is proposed to be set up. Therefore, Rs. 18 lakhs have been provided for constructing a building for the library in the Teen Murti premises.

**Shri Virendrakumar Shah:** Will the Government not consider it advisable to set a tradition that the Prime Minister's official residence once acquired should not be changed every time and from that point of view the Prime Minister should move into Teen Murti Marg?

**Prof. Sher Singh:** It is a good suggestion and will be kept in view.

**श्री शिव नारायण** : इस तीन मूर्ति में काफी स्थान है । मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि यह जो म्यूजियम है यह नेहरू जी के नाम पर कायम किया गया है, क्यों न उसको एक्सटेण्ड कर के यूनीवर्सिटी का हिस्सा बना दिया जाय । जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी जो बन रही है, उसमें इसको भी एक्सटेण्ड कर दिया जाय, ताकि रिसर्च करने वालों को आसानी हो जाय ?

**प्रो० शेर सिंह** : इस बात पर विचार किया जा सकता है ।

**Shri G. Viswanathan:** There are newspaper reports that the Prime Minister is faced with the house problem. Is there any proposal for the Prime Minister to move into the Teen Murti House?

**Prof. Sher Singh:** There is no such problem before the Prime Minister. It is not yet decided whether she will move into that house or not.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या आप उनको वहां जाने की सलाह देंगे ?

**Shri Indrajit Gupta:** On a point of order, Sir. The hon. Member's question was as to whether there is a proposal for her to shift to that house. The Minister says that no decision has yet been taken. The question was as to whether there is any such proposal?

**Prof. Sher Singh:** I had already replied that there is no such proposal.

**श्री कंवर लाल गुप्त** : क्या माननीय मंत्री इस प्रपोजल पर विचार करेंगे कि प्रधान मंत्री के लिये इतना बड़ा मकान नहीं चाहिये । जैसा गांधी जी ने कहा था—उनके लिये एक छोटा मकान होना चाहिए ।

**प्रो० शेर सिंह** : ऐसी कोई प्रपोजल नहीं आई है । यह आपकी सजेस्चन है ।

**श्री कंवर लाल गुप्त** : क्या इस पर विचार करेंगे । मैं अपने प्रश्न को फिर से, अध्यक्ष महोदय, स्पष्ट कर दू । क्या सरकार इस पर विचार करेगी कि प्रधान मंत्री का जो निवास-स्थान है, वह बहुत बड़ा नहीं होना चाहिये, जैसा गाधी जी ने कहा था—छोटा होना चाहिये ।

**प्रो० शेर सिंह** इस समय प्रधान मंत्री बहुत छोटे मकान मे रह रही हैं, वह बडा मकान नहीं है ।

**श्री मधु लिमये** . इस समय की बात नही है । आगे की बात बताइये ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : उन्होंने कितने बडे मकान को छोटा बना दिया है .

**Mr. Speaker:** Order, order. I will not allow this shouting. Mr. Kachhavaiya, you cannot get up like this and shout. You can ask a question but not shout like this.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : अध्यक्ष महोदय, मैने कहा था कि उन्होने कितने बड़े मकान को छोटा बना दिया ।

**Mr. Speaker:** I do not think the hon. Minister need reply to this.

**Shri Krishna Kumar Chatterji:** Will the hon. Minister enlighten us whether, sometime ago, when Pandit Nehru was alive, he was thinking of having the Prime Minister's house constructed in the compound of the Teen Murti House? That has not been answered by the Minister.

**The Minister of Education (Dr. Triguna Sen):** How can the Ministry of Education answer this?

**श्री रामसेवक यादव** : अध्यक्ष महोदय, अभी श्री जार्ज फरनेन्डिज के प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री महोदय ने कहा कि ये कयासआराइया हैं । मैं चाहूंगा कि इन कयासआराइयों का अन्त हो जाय । ये खबरे छपती रहती हैं कि प्रधान मंत्री तीन मूर्ति या कहीं और रहना चाहती हैं । मैं चाहता हूं कि आप निश्चित रूप से कहें कि प्रधान मंत्री जहां रह रही हैं, वही रहेंगी और कही नही जायेंगी ।

**An Hon. Member:** On a point of order, Sir . . . (*Interruption*).

**Mr. Speaker:** Next question.

**श्री मधु लिमये** . अध्यक्ष महोदय, इसके बारे मे सफाई होनी चाहिये । दिल्ली शहर को तो समाधियों और प्रधान मंत्रियों के निवास स्थानों मे बाट दिया जा रहा है । कुछ घर प्रधान मंत्रीयों के निवास स्थान बन गये हैं और कुछ जगहो पर समाधिया बन गई हैं, जैसे मोहनजोदारो है, वैसा ह दिल्ली बन रहा है । मैं चाहता हू कि कोई कानून बना कर एक अलग जगह उनके लिये निश्चित की जाय ।

### Guiding Principles for Governors to form Government

*260. **Shri Kanwar Lal Gupta:**
**Shri A. Sreedharan:**
**Shri P. K. Deo:**
**Shri G. C. Naik:**
**Shri K. P. Singh Deo:**
**Shri Dipa:**

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether Government have laid down any principles for the guidance of the Governors for inviting the leaders of parties to form Government in the States; and

(b) if so, the details thereof?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla):** (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**श्री कंवर लाल गुप्त** : अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि जब किसी प्रदेश की स्थिति साफ नहीं होती है और दो पार्टियों का बराबर बराबर मत होता है, उस समय कन्फ्यूजन न हो, इस दृष्टि से कोई निश्चित प्रोसीजर तय करने पर सरकार